● **सुनो और दोहराओ :**



# ३. विचित्र आदमी



एक आदमी कहीं जा रहा था । वह रास्ता भूल गया। उसने किसी दूसरे आदमी से रास्ता पूछा । दूसरे आदमी ने बताया, ‘‘नदी किनारे जो पेड़ है, उसके ऊपर के रास्ते से चले जाओ ।’’ आदमी विचित्र था । वह पेड़ के ऊपर चढ़ गया । उसके बोझ से पेड़ की डाल झुक गई । किसी तरह हाथों से डाल पकड़कर वह लटक गया ।

उसी समय एक अन्य आदमी घोड़े पर बैठा नदी पार कर रहा था । लटके हुए आदमी ने उसे पुकारा, ‘‘कृपा करके आप मुझे बचा लीजिए, नहीं तो मैं नदी में गिर जाऊँगा ।’’ घुड़सवार दयालु था । वह घोड़े को लेकर पेड़ के नीचे आया और अपने हाथों से उसके पैर पकड़ लिए लेकिन उसी क्षण घोड़ा आगे चल पड़ा । बेचारा घुड़सवार भी उसके पैर पकड़े हुए लटक गया ।



यह देखकर उस विचित्र आदमी ने घुड़सवार से कहा, ‘‘इस प्रकार लटके-लटके तो हम दोनों नदी में गिर जाएँगे । यदि तुम गाना जानते हो तो कोई गीत गाना शुरू कर दो । शायद गाने की आवाज सुनकर कोई यहाँ आ जाए और हमें बचा ले ।’’ घुड़सवार गाना जानता था । उसने गाना शुरू कर दिया । गीत बहुत अच्छा था । गाने पर ताली बजाने के लिए विचित्र आदमी ने अपने हाथों से पकड़ी डाल छोड़ दी । ताली तो क्या बजती, वे दोनों उसी समय नदी में गिर गए ।

***– विष्णु प्रभाकर***

**शब्दों की अंत्याक्षरी खेलो । जैसे –**

तोता...ताली...लहर...रजनी...नदी...दीपा...पौधा...धान...नटखट...
टमाटर...राजा...जीवन...नाम...मछली...लड़की...कोयल...लोटा...टोकरी...

❑ चित्र दिखाकर विद्यार्थियों को यह बताने के लिए प्रोत्साहित करें कि कौन-सी घटनाएँ घटी होंगी । कहानी सुनाएँ और दोहरवाएँ । यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यार्थी ने कहानी को समझते हुए सुना है । उन्हें परिचित कहानी सुनाने के लिए प्रेरित करें ।